कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः– 382/ FP/UK/ROAD/23445/2017 देहरादूनः दिनांक 04 अगस्त, 2018

सेवा में,

सचिव,
वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः– जनपद–उत्तरकाशी के विकासखण्ड़ नौगांव के अन्तर्गत नौगांव–पुरोला मोटर मार्ग के कि0मी0 2.00 से थली गांव मोटर मार्ग हेतु 11.6735 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।
**(FP/UK/ROAD/23445/2017)**

महोदय,

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव शासन को ऑनलाइन प्रेषित किया गया है। उक्त प्रस्ताव की हार्ड कॉपी आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संलग्न कर विशेष पत्र वाहक के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। अतः विषयांकित प्रकरण पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

संख्या /1जी– **FP/UK/ROAD/23445/2017** तददिनांकित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायू परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, (उत्तर–मध्य क्षेत्र), 25 सुभाष रोड़, देहरादून को प्रस्ताव की मूल प्रति पार्ट I से IV तक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य वन संरक्षक, गढ़वाल, पौड़ी।
4. वन संरक्षक, यमुना वृत्त, देहरादून।
5. जिलाधिकारी, जनपद–उत्तरकाशी।
6. प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट एवं प्रभागीय वनाधिकारी, टोन्स वन प्रभाग, पुरोला।
7. अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिचांई खण्ड़, पुरोला (उत्तरकाशी)।

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

# भाग–IV

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः जनपद–उत्तरकाशी के विकासखण्ड़ नौगांव के अन्तर्गत नौगांव–पुरोला मोटर मार्ग के किमी0 2.00 से थली गांव मोटर मार्ग हेतु 11.6735 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।

**(FP/UK/ROAD/23445/2017)**

टिप्पणी के साथ प्रस्ताव को स्वीकार करने या अन्यथा के लिये राज्य वन विभाग की विस्तृत राय और निर्दिष्ट सिफारिशें। (राय देते समय, सम्बन्धित वन संरक्षक अथवा उप वन संरक्षक की प्रतिकूल टिप्पणी की सुस्पष्ट समीक्षा की जाय और विवेचनात्मक टिप्पणी दी जाय)ः

उपरोक्त परियोजना हेतु अपर यमुना वन प्रभाग के अन्तर्गत **4.0725** हे0 (भंकोली कक्ष संख्या 2बी) आरक्षित वन भूमि एवं टौन्स वन प्रभाग के अन्तर्गत **2.0925** हे0 (ठडुंग–1) आरक्षित वन भूमि, तथा अपर यमुना, वन प्रभाग के अन्तर्गत **5.5085** हे0 सिविल सोयम भूमि अर्थात कुल **11.6735** हे0 का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित है, जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उपरोक्त परियोजना के निर्माण हेतु वन भूमि का सम्मिलित होना अनिवार्य है। प्रभागीय वनाधिकारी, अपर यमुना वन प्रभाग, बड़कोट प्रभागीय वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला तथा वन संरक्षक, यमुना वृत्त, देहरादून द्वारा भी प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति की गई है। अतः **उत्तरकाशी के विकासखण्ड़ नौगांव के अन्तर्गत नौगांव–पुरोला मोटर मार्ग के किमी0 2.00 से थली गांव मोटर मार्ग हेतु** प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने की संस्तुति की जाती है।

हस्ताक्षरः

नाम व पदनामः (मनोज चन्द्रन भा.व.से.)

मुख्य वन संरक्षक

सरकारी मोहरः

तिथि : 04 / 08 / 2018

स्थान : देहरादून